मनसा शिक्षा महाविद्यालय, भिलाई,दुर्ग (छ.ग.)

SOP (Alumni Association)

एल्युमिनी एसोसिएशन क्या है ? एल्युमिनी एसोसिएशन महाविद्यालय में बहुत ही सम्मानित एसोसिएशन के रूप मे जाना जाता है यह पद महाविद्यालय के लिये एक सम्मान की भावना रखता है माना जाता है कि पूर्व छात्र महाविद्यालय के प्रेरणास्त्रोत होते हैं। जो नए विद्यार्थी महाविद्यालय में अध्यापन कार्य हेतु प्रवेश लेते हैं, वे सभी पूर्व छात्रों को अपना आदर्श मानकर अपने आचरण में उनके सहयोगात्मक कार्य से प्रेरित होकर अपने आप को संकल्पित करते हैं वे भी सभी उनके पदचिन्हों पर कार्य करेंगे।

एल्युमिनी एसोसिएशन का प्रयोजन – सभी पूर्व छात्र आपस में मिलकर महाविद्यालय की आवश्यक गतिविधियों में भाग लेते हैं। अपना सहयोग प्रदान करते हैं जिससे वर्तमान में अध्ययनरत् विद्यार्थी अपनी बहुत सी चीजों में अपेक्षित परिवर्तन कर कार्य को संपादित करते हैं।

एल्युमिनी एसोसिएशन का उद्देश्य –

- एल्युमिनी द्वारा उन कार्यों को रूपरेखा के अनुसार पूर्णता प्रदान की जाती है जिसका लक्ष्य महाविद्यालय में अध्ययनरत् वर्तमान छात्रों के साथ मिलकर उन्हें उनके लक्ष्य के लिये दिशा प्रदान करना।
- महाविद्यालय में पूर्व छात्र किस प्रकार भावनात्मक रूप से जुड़कर रहे और उनका यह व्यवहार वर्तमान छात्रों के लिये प्रेरणास्पद होता है।
- पूर्व छात्र शब्द किसी महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों की सफलता को दर्शाता है।
- महाविद्यालय में आयोजित सामुदायिक कार्य प्रवर्तन के साथ – साथ वार्षिक उत्सव समारोह एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भी रूचि एवं उत्साह से कार्य का संपादन किया जाता है।
- महाविद्यालय में समय – समय पर पूर्व छात्रों द्वारा महाविद्यालय में कुछ विभाग जैसे ग्रंथालय, आफिस एवं महाविद्यालय प्रागंण में हेतु अपनी स्वेच्छा से उपहार भी प्रदान किये जाते हैं।

एल्युमिनी एसोसिएशन हेतु निर्धारित नियम एवं शर्त –

- एल्युमिनी एसोसिएशन हेतु वही विद्यार्थी मान्य होंगे जिन्होंने महाविद्यालय से अपना अध्यापन कार्य पूर्ण किया है।
- एल्युमिनी एसोसिएशन का अनिवार्य रूप से पंजीयन होना आवश्यक है।

एल्युमिनी एसोसिएशन किस प्रकार कार्य करता है –
एल्युमिनी एसोसिएशन का सर्वप्रथम पंजीयन अनिवार्य है एवं पूर्व विद्यार्थियों को इसमें शामिल कर सदस्यता प्रदान की जाती है। वे विद्यार्थी इस एसोसिएशन से सामुदायिक, भावनात्मक एवं सांस्कृतिक रूप से जुड़कर समर्पित भाव से कार्य करते हैं।

एल्युमिनी एसोसिएशन द्वारा संपादित कार्यों के संभावित परिणाम –

- एल्युमिनी एसोसिएशन द्वारा किया गया कार्य महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के साथ उनके बीच स्थापित संबंध को मजबूती प्रदान करेगा।
- वर्तमान में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को तत्परता के साथ महाविद्यालय से जुड़कर कार्य करने हेतु प्रेरणा प्रदान करेगा।
- महाविद्यालय में जो विद्यार्थी अध्ययनरत् है वे सभी इन गतिविधियों जैसे – सामुदायिक कार्य, शैक्षणिक कार्य, पाठ्य सहगामी किया में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा एवं एक योग्य शिक्षक के रूप में समाज में अपना योगदान बनायेगा।

प्रभारी

प्राचार्य
Principal
Mansa College of Education
Kurud, Bhilai (C.G.)